सागर पब्लिक स्कूल का 26वां वार्षिकोत्सव आयोजित

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः सागर पब्लिक स्कूल, साकेत नगर में 20 और 21 नवंबर को 26वां जूनियर एवं सीनियर वार्षिकोत्सव 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' और 'अवर लीगेसी, अवर प्राइड' थीम पर आयोजित किया गया।

समारोह में दो हजार से अधिक विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से मानवीय मूल्यों, परंपराओं और भारतीय संस्कृति का संदेश दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईआईएसईआर भोपाल के डॉ. अजीत भंड और आईआईएम इंदौर के आशीष साध थे। संस्थापक एवं चेयरमैन सुधीर अग्रवाल की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन कर समारोह का शुभारंभ हुआ। विद्यार्थियों ने योग, नृत्य, नाट्य प्रस्तुतियों, भगवान श्रीकृष्ण की गोवर्धन लीला, शिवाजी के जीवन प्रसंग और वसुधैव कुटुंबकम् पर



आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कक्षा दसवीं और बारहवीं के 69 मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य पंकज शर्मा ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। धन्यवाद ज्ञापन के साथ समारोह का समापन हुआ।

मध्यप्रदेश में 25.57 लाख से अधिक संपत्तियों की रजिस्ट्री पूरी

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्यप्रदेश में ग्रामीण परिवारों को उनकी संपत्ति का वैधानिक अधिकार दिलाने के लिए मुख्यमंत्री रजिस्ट्री योजना संचालित की जा रही है। योजना के तहत अब तक प्रदेश में 25 लाख 57 हजार 311 रजिस्ट्रियां पूरी हो चुकी हैं। योजना के अंतर्गत ग्रामीण आबादी भूमि पर स्थित मकानों और भूखंडों के स्वामित्व संबंधी अभिलेख तैयार कर पात्र हितग्राहियों की संपत्तियों का निःशुल्क पंजीयन किया जा रहा है। प्रदेश के 41 हजार से अधिक गांवों के करीब 50 लाख परिवारों को इसका लाभ मिलेगा। योजना पर लगभग 8,400 करोड़ रुपये का अनुमानित व्यय राज्य सरकार वहन कर रही है। प्रदेश के सभी 55 जिलों में पंजीयन का काम जारी है। उज्जैन में सबसे अधिक 1 लाख 3 हजार 825 रजिस्ट्रियां पूरी हुई हैं। इसके बाद मंदसौर में 1 लाख 3 हजार 640, छिंदवाड़ा में 98 हजार 772, राजगढ़ में 94 हजार 928 और सिवनी में 94 हजार 325 रजिस्ट्रियां दर्ज की गई हैं।

अतिक्रमण के खिलाफ निगम की कार्रवाई

भोपाल। नगर निगम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जवाहर चौक से दो ट्रक सामान जब्त किया। निगम अमले ने बोट क्लब सहित अन्य क्षेत्रों से सामान हटाया।

भोपाल के कई क्षेत्र में आज बिजली कटौती

नप्र, भोपालः शहर के करीब 50 इलाकों में रविवार को दो से सात घंटे तक बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। बिजली कंपनी द्वारा इन क्षेत्रों में रखरखाव का काम किया जाएगा। इसके चलते रहवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक रीगल होम्स, बंगाल कॉलोनी, पूर्वांचल फेस-2, शिवलोक फेस-6 और श्रीराम परिसर में बिजली बंद रहेगी। सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक बसंत नगर, प्रताप नगर, गांधी नगर, प्रोफेसर कॉलोनी, धोबी घाट, आकाशवाणी कॉलोनी, ओल्ड पीएचक्यू और रुस्तम परिसर प्रभावित रहेंगे।

सुबह 10 से शाम 4 बजे तक सेमरा, खेजड़ा, भानपुर, कोलुआ, दामखेड़ा, चंबल कॉलोनी, न्यू सुभाष नगर, अर्जुन नगर, अशोक नगर, पंजाबी बाग, ऐशबाग और जनता क्वार्टर में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। सुबह 10 से शाम 5 बजे तक जाट एरिया, सत्यम नगर, मथाई नगर, नंदा नगर, छावनी रोड, आजाद मार्केट, जुमेराती और गुर्जरपुरा में कटौती होगी। वहीं, सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक वाल्मी, यशोदा विहार, श्रीकृष्णा फ्रेंड्स कॉलोनी और अमलतास फेस-3 में बिजली बंद रहेगी। सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक बर्रई, कस्तूरी होम्स और फेलीसिटी में आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

आयुर्वेद कौशलम से जीवनशैली जनित रोगों पर मंथन



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मानसरोवर आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज, श्री साईं इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेदिक रिसर्च एंड मेडिसिन तथा फैकल्टी ऑफ आयुर्वेद, मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी, सीहोर के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय सेमिनार 'आयुर्वेद कौशलम' आयोजित किया गया। हिनोतिया आलम स्थित मानसरोवर परिसर में आयोजित सेमिनार का विषय जीवनशैली जनित विकारों में औषध, स्वरस एवं दैवव्यपाश्रय चिकित्सा की समन्वित भूमिका रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर परमपूज्य संत श्री 1008 सुरेशानंद सरस्वती जी ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने जीवनशैली जनित बीमारियों, कैंसर उपचार में आयुर्वेद की भूमिका तथा एकल औषधियों के चिकित्सकीय उपयोग पर प्रकाश डालते हुए उपचार के अनुभव साझा किए। वैद्य प्रीति राठौर और वैद्य नवनीत मरगदे ने भी विचार रखे। सेमिनार में लगभग 320 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कुलाधिपति श्रीमती मंजुला तिवारी एवं प्रतिकुलाधिपति इंजीनियर गौरव तिवारी ने आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम तीनों संस्थानों के प्राचार्यों वैद्य अनुराग सिंह राजपूत, वैद्य मनीषा राठी एवं वैद्य श्रीकांत पटेल, वैद्य पवन कुमार शर्मा, वैद्य एनके प्रसाद तथा कायचिकित्सा विभाग के शिक्षकों के सहयोग से संपन्न हुआ।

चेतीयागिरि विहार समारोह के लिए सांची स्टेशन पर छह ट्रेनों का अस्थायी ठहराव

नप्र, भोपालः सांची स्तूप में 74वें चेतीयागिरि विहार समारोह और पवित्र अवशेषों की प्रदर्शनी में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पश्चिम मध्य रेलवे ने सांची स्टेशन पर छह ट्रेनों को दो मिनट का अस्थायी ठहराव देने का निर्णय लिया है। यह सुविधा 28 और 29 नवंबर 2026 को उपलब्ध रहेगी। रेलवे के अनुसार, गाड़ी संख्या 12615 एमजीआर चेन्नई सेंट्रल-नई दिल्ली एक्सप्रेस सांची स्टेशन पर शाम 7:14 बजे पहुंचेगी और 7:16 बजे रवाना होगी। गाड़ी संख्या 12616 नई दिल्ली-एमजीआर चेन्नई सेंट्रल एक्सप्रेस रात 2:36 बजे पहुंचकर 2:38 बजे रवाना होगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 18237 कोरबा-अमृतसर एक्सप्रेस सुबह 6:42 बजे पहुंचेगी और 6:44 बजे रवाना होगी। गाड़ी संख्या 18238 अमृतसर-कोरबा एक्सप्रेस शाम 5:14 बजे पहुंचकर 5:16 बजे रवाना होगी। भोपाल-ग्वालियर एक्सप्रेस (12197) दोपहर 3:45 बजे सांची पहुंचेगी और 3:47 बजे रवाना होगी। वहीं, ग्वालियर-भोपाल एक्सप्रेस (12198) दोपहर 1:20 बजे पहुंचकर 1:22 बजे रवाना होगी। रेल प्रशासन के अनुसार, पहली चार ट्रेनों को 27 और 28 नवंबर को यात्रा शुरू करने की तिथियों पर तथा भोपाल-ग्वालियर और ग्वालियर-भोपाल एक्सप्रेस को 28 और 29 नवंबर को यात्रा शुरू करने की तिथियों पर अस्थायी ठहराव दिया जाएगा।

कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो.वि.मं., प्रक्षेत्र-2, अयोध्या नगर, भोपाल

आम सूचना

अयोध्या नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में प्लैट/भवन क्रमांक एम.आई.जी. 36 (सी-1 टाईप) प्रथम तल जी-सेक्टर मण्डल द्वारा सुश्री चित्रा वर्मा पुत्री स्व. श्री सी.पी. वर्मा के नाम पर आवंटित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 26/05/2006 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। सुश्री चित्रा वर्मा द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 28/3/2008 को उप पंजीयक कार्यालय से निष्पादित कराकर श्री राजेश कुमार शर्मा आत्मज श्री गंगाप्रसाद जी सारस्वत को विक्रय कर दिया गया है। परन्तु क्रेता/विक्रेता द्वारा मण्डल से हस्तान्तरण की कार्यवाही नहीं कराई गई। श्री राजेश कुमार शर्मा द्वारा श्री संतोष कुमार सेन्डे आत्मज श्री बाबूराव सेन्डे को मुख्तारनामा उप पंजीयक कार्यालय में दिनांक 20/11/2009 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। श्री राजेश कुमार शर्मा द्वारा मुख्तारआम श्री संतोष कुमार सेन्डे द्वारा भवन का विक्रय विलेख दिनांक 30/9/2009 को उप पंजीयक कार्यालय से निष्पादित कराकर श्रीमती शांति बाई पत्नी श्री प्रेमनारायण झारिया को विक्रय कर दिया गया है। परन्तु क्रेता/विक्रेता द्वारा मण्डल से हस्तान्तरण की कार्यवाही नहीं कराई गई। अब संपत्ति के क्रेता श्रीमती शांति बाई पत्नी श्री प्रेमनारायण झारिया द्वारा आवेदन पत्र, शपथ-पत्र (स्वयं का) एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए विक्रय विलेख दिनांक 30/9/2009 के आधार पर उक्त संपत्ति अपने नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है। उनके द्वारा यह शपथ-पत्र भी प्रस्तुत किया है कि भवन के मूल आवंटी सुश्री चित्रा वर्मा पुत्री स्व. श्री सी.पी. वर्मा, श्री राजेश कुमार शर्मा आत्मज श्री गंगाप्रसाद जी सारस्वत मुख्तारआम श्री संतोष कुमार सेन्डे आत्मज श्री बाबूराव सेन्डे एवं उनके परिवार का वर्तमान में कहीं पता नहीं चल रहा है। भविष्य में किसी भी वाद-विवाद हेतु वह स्वयं जिम्मेदार होगें। प्रस्तुत दस्तावेजो एवं विक्रय विलेख दिनांक 30/9/2009 के आधार पर उक्त संपत्ति सुश्री चित्रा वर्मा पुत्री स्व. श्री सी.पी. वर्मा से श्री राजेश कुमार शर्मा आत्मज श्री गंगाप्रसाद जी सारस्वत के नाम हस्तान्तरित करते हुए श्रीमती शांति बाई पत्नी श्री प्रेमनारायण झारिया के नाम पर हस्तान्तरण हेतु प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति /उत्तराधिकारी /या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगी।

संपदा अधिकारी, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. वि.मं., प्रक्षेत्र-2, अयोध्या नगर, भोपाल

4084

ICICI Bank | **पंजीकृत कार्यालयः** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, लैंडमार्क, रेस कोर्स सर्किल, वड़ोदरा- 390007

कॉर्पोरेट कार्यालयः आईसीआईसीआई बैंक टॉवर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लैक्स, बांद्रा (ई), मुंबई- 400051

शाखा कार्यालयः कार्यालय सं. 201-बी, द्वितीय तल, वाईफ़ाई आईटी पार्क, रोड सं. 1, प्लॉट सं. बी/3, वागले औद्योगिक एस्टेट, ठाणे (पश्चिम), ठाणे 400604

मृतक कर्जदार के कानूनी उत्तराधिकारियों के प्रकटीकरण के लिए सूचना सार्वजनिक सूचना

सूचित किया जाता है कि आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (बैंक) द्वारा अनुपमा सिंह, दीप्ति सिंह, मयंक सिंह और मृतक ललिता सिंह को होम लोन LBBHP00004948479 (क्रेडिट सुविधा) दिया गया था। यह क्रेडिट सुविधा अनुपमा सिंह, दीप्ति सिंह, मयंक सिंह ने प्लॉट नंबर 5/40, अरेरा कॉलोनी, शाहपुरा, मध्य प्रदेश, भोपाल- 462016 में मौजूद प्रॉपर्टी के लिए मॉर्गेज के ज़रिए सिक्योरिटी इंटरेस्ट बनाकर सुरक्षित की है।

हम आपको सूचित करना चाहते हैं कि ललिता सिंह की मृत्यु के बारे में बैंक अधिकारियों द्वारा की गई फील्ड यात्राओं और पंजीकृत संपर्क नंबर पर टेलीफोन संचार के माध्यम से हमारे ध्यान में आया है। इस संबंध में, कर्जदारों और मृतक ललिता सिंह के पंजीकृत पते पर दिनांक 17 नवंबर, 2026 का पत्र मृतक कर्जदार के कानूनी उत्तराधिकारियों के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए पहले भेजा गया था। इसलिए, इस नोटिस को प्रकाशित होने के 15 दिनों के भीतर बैंक के रिकॉर्ड को अपडेट करने के लिए सहायक दस्तावेजों के साथ मृतक ललिता सिंह के कानूनी उत्तराधिकारियों के विवरण साझा करने के लिए इस नोटिस के माध्यम से दिया जाता है।

आप उपरोक्त विवरण सृष्टि शर्मा- 6359980031, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, वार्ड नंबर 52, रोहित नगर, बावड़िया कला, भोपाल, मध्य प्रदेश - 462023 के पास जमा कर सकते हैं।

तिथि: नवंबर 22, 2026
स्थान: भोपाल

हस्ता. / प्राधिकृत अधिकारी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

कार्यालय राजस्व निरीक्षक रा.नि.मं. 03 बैरागढ़ चीचली तहसील कोलार जिला भोपाल (म.प्र.)

आवेदन कं. RS/444/0736/4361/2026
ग्राम का नाम-बैरागढ़ चीचली
प.ह.नं. 14, तहसील कोलार, जिला भोपाल

सूचना-पत्र

प्रति, 1. श्री सुधीर गुप्ता आत्मज श्री के.आर. गुप्ता, निवासी- मालवीय नगर भोपाल म.प्र., 2. श्री ज्ञान सिंह पिता स्व. श्री रामदयाल व अन्य सहखातेदार, निवासी-ग्राम-बैरागढ़ चीचली तहसील कोलार जिला भोपाल म.प्र.,3. अंशल हाउसिंग द्वारा श्री प्रदीप नारायण पुत्र श्री हरिनारायण, निवासी-बैरागढ़ चीचली तहसील कोलार जिला भोपाल म.प्र., 4. श्रीमति मंजू यादव पत्नि श्री अतंराम यादव व अन्य सहखातेदार, नि. ग्राम-बैरागढ़ चीचली तहसील कोलार जिला भोपाल म.प्र., 5. श्री कुंअर पाल, सुदर्शन पिता श्री जयराम व अन्य सहखातेदार, निवासी-ग्राम-बैरागढ़ चीचली तहसील कोलार जिला भोपाल म.प्र.,6. श्री नीतेश कुशवाह अन्सल ग्रीन मकान नं. 205 मो. 9039689783, 7. श्री कृष्ण कुमार गुप्ता अन्सल ग्रीन मकान नं. 204 मो. 9329601979, 8. सर्व साधारण एवं अन्य हितबद्ध पक्षकारगण। **एतद द्वारा** सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमति मीरा शर्मा पत्नी श्री राजकुमार शर्मा निवासी डी-30 गोल्डन सिटी नीलबड़ भोपाल द्वारा ग्राम बैरागढ़ चीचली प.ह.नं. 14 तहसील कोलार जिला भोपाल (म.प्र.) स्थित भूमि खसरा क्रमांक 292/1/4 रकबा 0.0900 हे. कुल खसरा नंबर 01 कुल रकबा 0. 0900 हे. भूमि के सीमांकन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि का सीमांकन मेरे द्वारा दिनांक 26.11.2026 को समय प्रातः 11:00 बजे स्थल पर किया जावेगा। पड़ोसी खातेदार होने के कारण एवं उक्त सीमांकन से कोई आपत्ति हो तो नियत दिनांक एवं समय पर स्थल पर भूमि के स्वत्व संबंधी एवं आनुषांगिक दस्तावेज सहित उपस्थित रहकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते है। अनुपस्थिति की दशा में सीमांकन कार्य रोका नहीं जावेगा। बाद प्रस्तुत आपत्ति विचार योग्य नहीं होगी। अत्यावश्यक शासकीय कार्य होने की स्थिति में सीमांकन की दिनांक में परिवर्तन किया जा सकता है। पड़ोसी भूमिस्वामी का पता स्पष्ट न होने से आवेदक स्वयं के व्यय पर उक्त सूचना पत्र का प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र में कराया जा सकता है। आज दिनांक 17.11.2026 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. 03 बैरागढ़ चीचली तहसील कोलार जिला भोपाल

4075

जाहिर सूचना

दिनांक : 22 नवंबर 2026

सर्वसाधारण एवं संबंधित पक्षकारों के लिए

मेरे पक्षकार श्री ताहा राही, सेबी पंजीकृत रिसर्च एनालिस्ट, पंजीकरण क्रमांक INH000018780 के निर्देशानुशार सर्वसाधारण एवं संबंधित पक्षकारों को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार एवं विपक्षीगण- 1. सुश्री शाहिबा खान, 2. श्री मोहम्मद अफजल, 3. श्री इमरान खान के बध्य दिनांक 13 जून 2026 को साझेदारी (Partnership) स्थापित हुई थी। उक्त साझेदारी को मेरे पक्षकार द्वारा स्वेच्छा से समाप्त (विघटित) करने के निर्णय लिया गया है, जिसे आज दिनांक 22 नवंबर 2026 से इस जाहिर सूचना के माध्यम हे पूर्णतः समाप्त किया जाता है। यदि उक्त साझेदारी के समापन, लेन-देन अथवा हिसाब-किताब के संबंध में विषक्षीगण या किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, शासकीय एवं गैर-शासकीय कार्यालय आदि को किसी प्रकार की कोई आपति है, तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तारिख मे 5 (पाँच) दिवस के अंदर मम प्रमाणित दस्तावेजों सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि समाप्त हो जाने के पश्चात उक्त साझेदारी के संबंध में किसी भी प्रकार का कोई दावा, लेन-देन, दायित्व या आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी और दिनांक 22 नवंबर 2026 से मेरे पक्षकार उक्त साझेदारी के समस्त दायित्वों से पूर्णतः मुक्त माने जाएंगे।

मोहम्मद फैजान खान (अधिवक्ता)
बी.के. लॉ एसोसिएट्स
कार्या.: एस-1, फ्यूचर क्रिएशन ग्लोबल स्कूल, अशोक विहार, भोपाल मो.नं.: 8819019179

4083

न्यायालय, आयुक्त कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम, श्रम न्यायालय क्रमांक 02 भोपाल (म.प्र.)

प्र.क्र. 40/2025 डब्ल्यू.सी.एफ. विविध

श्रीमति दीपाबाई पत्नि स्व. श्री विक्रम उर्फ भीकम सिंह, निवासी- मकान नंबर 212, शंकर गार्डन, अशोका भवन भोपाल म.प्र. व अन्य **बनाम** 1. राजेन्द्र साहू पुत्र स्व.श्री बालकिशन साहू, 2. कमलेश साहू आ. स्व.श्री बाबकिशन साहू, दोनो निवासीगण-मकान नंबर एक्स-5, शिव नगर फेस-1, छोला भोपाल, म.प्र.।

एतद द्वारा अनावेदक पक्षकारगण को सूचित किया जाता है कि प्रकरण क्रमांक प्र.क्र. 40/2025 डब्ल्यू.सी.एफ. विविध धारा 10 के तहत प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण में आपकी उपस्थिति जवाब प्रस्तुति के लिये दिनांक 21.12. 2026 नियत है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि प्रकरण में नियत आगामी दिनांक 21.12.2026 को श्रम न्यायालय क्रमांक 02, शाहजानाबाद भोपाल में उपस्थित होवे और जवाब प्रस्तुत करे। यदि आप नियत दिनांक को उपस्थित नहीं होते है तो प्रकरण की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। यदि पेशी दिनांक को कारणवश अवकाश घोषित होता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस से की जावेगी। आज दिनांक 20.11.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

संजना सरल, आयुक्त
कर्मकार क्षतिपूर्ति अधि. श्रम न्यायालय क्रमांक. 2, भोपाल म.प्र.

सूडोकु नवताल- 7967

मध्यम

4			9		6	1		8
6	8							
	1	7	3	8		4		
3	4		6		7			9
5		1	8			2		7
2			5		1		8	4
		3		7	5	8	6	
							9	5
7		6	2		8			1


Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7966 का हल


2	9	8	3	5	6	1	7	4
4	5	3	2	1	7	9	8	6
7	1	6	4	8	9	2	5	3
8	2	5	6	9	1	3	4	7
3	6	4	7	2	5	8	1	9
1	7	9	8	3	4	5	6	2
5	4	1	9	7	2	6	3	8
6	3	2	1	4	8	7	9	5
9	8	7	5	6	3	4	2	1

काकुरो पहेली - 7640




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः




काकुरो - 7639 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 9048




बाएँ से दाएँ

1. नमाज से पहले पढ़ी जानेवाली आयत -3
3. तहजीब, शिष्टता-3
5. पिता के पिता-2
6. स्मृति-2
8. बारिश, बरखा-4
11. शांति, सन्नाटा-3
13. गिरवी रखी वस्तु-3
14. सूक्ष्म कण -2
15. बारबाला, गथुबाला
16. समझौता-3
18. बहने का भाव-3
20. बारिश का महीना-3
22. गां, गग्गी, गद्दर-2
24. श्रवणेंद्रिय-2
25. अंधकार, अंधेरा-3
26. अनुकृति-3

ऊपर से नीचे


1. नाज, नखरा, चौंचला-2
2. भाग्य, किस्मत-3
3. अचानक, अकस्मात -3
4. देह, बदन-2
5. बिजली, विद्युत रश्मि-3
7. दबाना, कुचलना-3
9. घोड़ागाड़ी-3
10. जुगत, युक्ति-4
12. कारण-3
16. कृष्ण का गरीब मित्र-3
17. पैंतरा, शर्त-2
19. भार-3
20. बहादुरी-3
21. नेत्र, आंख-3
23. पितामह-2
24. समयगति-2

शब्द पहेली -9047 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली- 7479



ऊपर से नीचेः-

१. 'मेरा नाम है चमेली' गीत वाली संजीव कुमार, नाजिमा, कुमकुम की फिल्म-२,२,२
२. तुषार कपूर, अंतरा माली की 'मैं लव तुमसे' गीत वाली फिल्म-३
४. 'सिर्फतुम ही तो हो जिसपे' गीत वाली शम्मीकपूर, साधना की फिल्म-५
५. अभिषेक बच्चन, भूमिका चावला की 'दिल में जो बात' गीत वाली फिल्म-२
७. 'मधुबन में जो कन्हैया' गीत वाली आमिरखान, ग्रेसीसिंह की फिल्म-३
९. संजयखान, बबीता की 'आ लगजा गले' गीत वाली फिल्म-२,२
१३. 'रूखी सूखी रोटी' गीत वाली अनिल कपूर, रानी मुखर्जी की फिल्म-३
१५. 'क्या सही प्यार है' गीत वाली फिल्म 'रॉकी' में संजयदत्त, के साथ नायिका कौन थी-३
१६. जीतेंद्र, श्रीदेवी की 'आई लव यू आई लव यू' गीत वाली फिल्म-५
१८. 'ओफ्फो जलता है बुझता है' गीत वाली सनी, सोहेल, सुनील, जॉन अब्राहम, नौहीद की फिल्म-३
२०. संजय दत्त, माधुरी दीक्षित की 'तम्मा तम्मा लोगे' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'लो आगई उनकी याद' गीत वाली मनोज कुमार, आशा पारेख की फिल्म-१,३
२४. अक्षय कुमार, करीना कपूर की 'तूने कहा जब से हाँ' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'और क्या अहद ए वफा' गीत वाली सनी देओल, अमृतासिंह की फिल्म-२

बायें से दायें:-

१. जतिन ग्रेवाल, यश पाठक, नेहा की 'चलती है पुरवाई' गीतवाली फिल्म-३
३. 'मेरा मन तेरा प्यासा' गीत वाली देव आनंद, जाहिदा, जाहिरा की फिल्म-४
६. सनी, मीनाक्षी की सोचना क्या जो भी होगा' गीत वाली फिल्म-३
८. 'कब तक हुजूर रूठे रहोगे' गीत वाली जीतेंद्र, बबीता की फिल्म-३
१०. धर्मेन्द्र, हेमा, रीना राय की 'नागिन सा रूप है तेरा' गीत वाली फिल्म-४
११. 'सपने में मिलती है' गीत वाली डी. चक्रवर्ती, मनोज, उर्मिला की फिल्म-२
१२. रघुवीर यादव, कुणालकपूर, तब्बू, नादिरा बब्बर की 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'क्या करे क्या ना करें' गीत वाली जैकी श्रॉफ, उर्मिला की फिल्म-३
१६. सनी देओल, करिश्मा की 'छम्मक छल्लो जरा धीरे' गीत वाली फिल्म-३
१७. जैकी श्रॉफ, संजय, माधुरी की फिल्म-५
१९. फारूख शेख, नसीरूद्दीनशाह, दीप्ति नवल की सई परांजपे निर्देशित एक फिल्म-२
२२. 'कंधों से मिलते हैं कंधे' गीत वाली अमिताभ, रितिक, प्रीति की फिल्म-२
२३. राकेश रोशन, रेखा की 'सुन सुन सुन दीदी तेरे लिये' गीत वाली फिल्म-५
२५. 'पर्दे में कोई बैठा है' गीत वाली अमजद खान, विनोद मेहरा, बिंदिया गोस्वामी की फिल्म-२
२६. संजय दत्त, सलमान खान, रवीना की 'सुनो गौर से' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'जिसका मुझे था इंतजार' गीत वाली अमिताभ, जीनत अमान की फिल्म-२
२९. मिलिंद सोमण, विक्रम सलूजा, किरण झवेरी की फिल्म-३
३०. फिल्म 'रफूचक्कर' में नायिका थी-२

फिल्म वर्ग पहेली- 7478

अ	नि	ता		रे	श	नी		धू	म
क्स		क	सौ	टी		ल	ज्जा		स्त
	अं	त		क	स	म		भा	
जो	श		कं	प	नी		आ	र	जू
रू		दि		ड़		जी	न	त	
का	ज	ल		औ	र	त			पा
गु		ज	रू	र	त		पा	ल	की
ला	ड़	ला		म	न		य		जा
म			शा	का		जा	ल		
	फ	र	दी	न	खा	न		फि	दा

Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग - 7573

		1		6		2
6	34		33		33	
5		3		7		4
1	22		35		34	
		5	6	2		3
3	30		37	5	33	
2		7			6	1

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 7572 का हल

5	6	7	1	2	3	4
2	33	1	34	6	30	5
3	5	4	6	7	1	2
4	36	2	32	1	23	6
7	6	5	4	3	2	1
6	36	6	34	4	31	3
1	2	3	4	5	6	7

Jagrutidaur.com, Bangalore


शब्दजाल- 8593

म	अ	मु	श	सी	ते	ग	ब	हा	दु	र	
रा	अ	ल	प्र	क्ल	ला	व	ना	ज	कां	अं	
य	म	र्जु	हे	रा	दी	ना	न	व	ग	रू	
इं	र	ब	न	म	वा	स	क	त	ज	प	
प	दा	ह	प्या	दा	तो	हो	दे	गो	र	त	
ह	स	क	प	स	स	व	व	ण	गो	व	
द	र	न	न	ट्रे	रू	ह	र	गो	विं	द	
क	र	रा	प	क्श	प	का	र	चो	द	ख	
र	व	त	य	रा	हो	प	य	अ	सिं	अ	
क	र	ल	प	र्जु	ज	ता	रे	आ	ह	द	
क	ह	रि	कि	श	न	चि	त्र	ब	त	म	

शब्दजाल में 'सिखो' के 10 गुरुओं के नाम ढूंढिए. शब्द ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एवं तिरछे हो सकते हैं

नानक देव, अंगद देव, अमरदास, रामदास, अर्जुनदास, हरगोविंद, हरराय, हरिकिशन, तेग बहादुर, गोविन्द सिहं

शब्दजाल - 8592 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore